Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 15.11.2021 | अंक 55

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## व्यवसायिक संघ की बैठक में सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्णय, साप्ताहिक बंदी पर जोर

## संगठन मजबूती को लेकर दुकानदारों ने निकाली पैदल मार्च, कोरोना गाइड लाइन के पालन का निर्णय

**अपेम लाइवः बरही**

बरही व्यवसायिक संघ की एक आवश्यक बैठक उत्सव वाटिका बरही में हुई। अध्यक्षता एवं संचालन व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष कपिल प्रसाद केशरी ने किया। बैठक में इलेक्ट्रॉनिक एवं इलेक्ट्रिक दुकान से रिलेटेड दुकानदार एवं दुकान संचालक शामिल हुए। बैठक में संगठन मजबूती पर चर्चा की गई। साथ ही सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिनके पास सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है वे एक कैमरा दुकान से बाहर लगाएंगे। ताकि असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखा जा सके। वहीं जिनके दुकान में सीसीटीवी कैमरा नही लगा हुआ है। उन्हें सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया गया। दुकानदारों को संबोधित करते हुए कपिल केशरी ने कहा कि संघ के



बैठक में शामिल व्यवसायिक संघ के लोग

निर्णयानुसार प्रत्येक सोमवार को एक दिन बंदी रखना है। उसे हर दुकानदार को पालन करना चाहिए। इसके अलावे कोविड गाइड लाइन के तहत प्रतिष्ठान का संचालन करने पर जोर दिया गया। सभी को कोविड वैक्सीन लगाने पर जोर दिया गया। बैठक के बाद सैकड़ो दुकानदार पैदल मार्च कर नगर भ्रमण किया। वैसे दुकानदारों को चेताया गया जो साप्ताहिक बन्दी के बाद भी दुकान खोलकर चला रहे थे। सभी को समझाय गया कि एक दिन सोमवार को बंद रखना जरूरी है। जिनका बंद नही था उन्हें समझा बुझाकर बंद कराया गया। मौके ओर आगामी पंचायत चुनाव में व्यवसायी वर्ग से जुड़े उम्मीदवार को सपोर्ट करने का निर्णय लिया गया। बैठक में शंकर कुमार, बबलू कुमार, टुन्नू कुमार, पवन कुमार,श्याम कुमार विश्वकर्मा, पवन विश्वकर्मा,उपेंद्र राणा, कैलाश प्रसाद, मनोज प्रसाद मधेशिया, हीरालाल, छोटू कुमार, रूपेश कुमार, राहुल कुमार, संजय कुमार सिन्हा, प्रदीप कुमार, कपिलदेव साव, अशोक कुमार गुप्ता एवं संतोष कुमार यादव मौजूद थे।

## न्युज ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में महिला घायल, रेफर

**अपेम लाइवः बरही**

कोडरमा निवासी गुड़िया देवी उम्र 18 वर्ष पति कैलाश पंडित सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसका प्राथमिक उपचार बरही अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया उसके बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हज़ारीबाग़ रेफर कर दिया गया।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय पडरिया में मनाया गया बिरसा मुंडा जयंती



**अपेम लाइवः बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के पडरिया उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बिरसा मुंडा जयंती के साथ 21 वा राज्य स्थापना दिवस मनाया गया। मोके पर बरही विधानसभा के काँग्रेस सहकारिता विभाग सचिव प्रयाग प्रसाद, डॉ विनोद कुमार, वार्ड सदस्य सहदेव राणा, समसुद्दीन मियां, विजय कुमार, उमेश कुमार, विनोद प्रसाद एवंजगदीश माहतो मुख्य रूप से मौजूद थे।

## बिरसा मुंडा के जन्मदिवस पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

## बेहतर पेंटिंग बनाने वाले प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

**अपेम लाइवः बरही**

झारखंड के स्थापना दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिन के अवसर पर धनवार में संचालित कॉस्मिक पब्लिक स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के बच्चों ने एक से बढ़कर एक पेंटिंग बनाकर मंत्र मुक्त कर दिया बच्चों के द्वारा बनाए गए पेंटिंग को निर्णायक मंडली के द्वारा बेहतर 10 पेंटिंग को चयनित किया गया । इसमें प्रथम पुरस्कार नरगिस परवीन, द्वितीय पुरस्कार सबीना परवीन, तृतीय पुरस्कार जसमीन परवीन को दिया गया। इसके साथ-साथ नजराना प्रवीण, नाज परवीन, आफरीन परवीन, मोहम्मद शमशेर ,सोनी कुमारी,


बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी

विवेक राज एवं आफरीन को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। बेहतर पेंटिंग बनाने वाले सभी प्रतिभागियों को कॉस्मिक विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र प्रसाद ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। साथ ही कहा कि ग्रामीण स्तर पर क०स्मिक पब्लिक स्कूल बच्चों की प्रतिभा निखारने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है । इस तरह का आयोजन के पीछे बच्चों की अंदर छिपी हुई प्रतिभा को निखारना मुख्य उद्देश्य है । कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं का अहम योगदान रहा।

## लाभुको के बीच निवेदन समिति के सभापति सह बरही विधायक ने धोती साड़ी का वितरण किया

**अपेम लाइवः चँदवारा**

झारखंड सरकार के निवेदन समिति के सभापति सह बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने सोमवार को प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में सोना-सोबरन योजना के तहत कार्डधारियों के बीच धोती-साड़ी का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने चंदवारा प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती पंचायत बेंदी के छतारा, भितीया, घाटोडाबर एवं भौंडो पंचायत के चौराही व भोंडो में सोना सोबरन योजना के तहत दर्जनों कार्डधारियों के बीच जन वितरण प्रणाली दुकानदार के माध्यम से धोती साड़ी वितरण किया। मौके पर विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा की यह योजना झारखंड सरकार का जन कल्याणकारी योजना है उन्होंने जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों को कड़ी



धोती साडी वितरण करते विधायक व अन्य

हिदायत देते हुए कहा कि किसी भी हाल में कार्डधारियों को कम राशन नहीं मिलना चाहिए। इस दौरान छतारा के महेश भुइयां एवं गीता देवी का प्रधानमंत्री आवास का गृह प्रवेश किया गया। साथ ही क्षेत्र के ग्रामीणों की समस्या से अवगत होकर जल्द समस्या से निदान करने की बात कही। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मनोज सहाय पिंकू, प्रदीप सिंह, पंचायत सचिव प्रफुल सिंह, कनीय अभियंता विकास कुमार, प्रखंड खाद आपूर्ति पदाधिक. ारी कुंदन सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि राजकुमार यादव, अज्जू सिंह, प्रदीप सिंह, वजीर भुइया, कोलेश्वर साव, भोला पंडित, सुरेश भुइया सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।




**राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस 16 नवंबर को है। इस अवसर पर अपेम बरही की ओर से पत्रकार सम्मान कार्यक्रम के साथ साथ शिक्षा, स्वास्थ्य खेलकूद पखवाडा का आयोजन किया जा रहा है। इसी नीमित 16 नवंबर 2021 को पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन उत्सव वाटिका बरही में अपराह्न दो बजे से किया गया है। इसमें अपेम संगठन से जुडे पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा। उसके बाद 16 नवंबर से 30 नवंबर तक शिक्षा, स्वास्थ्य, एवं खेलकूद पखवाडा का आयोजन विभिन्न स्कूलों में किया जाएगा। 17 नवंबर को रेनबो स्कूल गडलाही बरही में आयोजित किया जाएगा। जिसमें क्विज प्रतियोगिता के साथ साथ खेलकूद एवं बच्चों के लिए स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया जाएगा।**



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## रेन्बो स्कूल बरही में झारखंड के 21वें स्थापना दिवस सह भगवान बिरसा मुंडा की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई

**अपेम लाइव : बरही**



बिरसा मुंडा की जयंती मनाते शिक्षक व बच्चे

बरही प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गडलाही स्थित रेन्बो स्कूल बरही में झारखंड के 21वें स्थापना दिवस सह भगवान बिरसा मुंडा की जयंती ध.ूमधाम के साथ मनाई गई। झारखंड स्थापना दिवस बिरसा मुंडा जयंती को लेकर विद्यालय में निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा द्वारा भगवान बिरसा के फ़ोटो पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का संचालन गौरी शंकर ने किया। इस दौरान सभी शिक्षकों तथा विद्यार्थियों ने बारी बारी से बिरसा मुंडा के फ़ोटो पर पुष्प अर्पित किए। निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने इस असवर पर भगवान बिरसा मुंडा के कथनों को दोहराते हुए कहा कि यह धरती हमारी है, हम इसके रक्षक है। हर अन्याय के खिलाफ उलगुलान। यही पुरखो का रास्ता है। अप्राकृतिक ताकतों के खिलाफ एकजुट हो जाओ। उठो प्रकृति ने तुम्हे जीने के लिए सभी हथियार दिए हैं। मैं सभी दिशाओं से पुकार रहा हूँ। मौके पर सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि भग.वान बिरसा मुंडा आदिवासी समाज के साथ-साथ संथाल परगना में अंग्रेजों के बढ़ते अत्याचार के विरोध में आंदोलन छेड़ा था तथा उन्हें मुंहतोड़ जवाब देने का काम किया था। देश आजादी के बाद अंग्रेज तो चले गए, परंतु शोषण वर्ग का समाप्त नहीं हुआ। मौके पर शिक्षको में शुभम कुमार, गौरी शंकर, प्रवीण कुमार, राहुल सिंह, पवन कुमार, पूजा कुमारी, रिंकी कुमारी, खुशबू सिंह, रानू कुमारी, स्वेता कुमारी, सुधा कुमारी, सरिता कुमारी, उषा कुमारी, रिफ्फत प्रवीण आदि तथा विद्यार्थियों में सुधीर यादव, आलोक प्रजापति, राहुल प्रजापति, मनीष कुमार, राजू साव, सुनील यादव, रूपेश यादव, आयुष प्रसाद कुशवाहा, निशि कुमारी, खुशबू कुमारी, रुखसाना प्रवीण आदि उपस्थित रहे।

## उलगुलान दिवस के रूप में मनाया गया भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

**अपेम लाइव : बरही**




बिरसा मुंडा की जयंती मनाते

बरही आजसू कार्यालय मे 15 नवंबर सोमवार को बरही विधानसभा प्रभारी राज सिंह चौहान के नेतृत्व में भगवान बिरसा मुंडा जयंती के शुभ अवसर पर उलगुलान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा प्रभारी राज सिंह चौहान एवं संचालन अनुसूचित जन जाती के जिला अध्यक्ष संतोष रजवार ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में भग.वान बिरसा मुंडा के तस्वीर पर पुष्प अर्पण कर किया गया। जिसके बाद सभी ने बारी-बारी से उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पण किया। इस बाबत बरही विधानसभा के आजसू प्रभारी राज सिंह चौहान ने कहा की पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के निर्देशानुसार झारखंड के स्थापना दिवस को प्रदेश के सभी प्रखंडों में उलगुलान दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। हमे भगवान बिरसा मुंडा के जीवनी से सीख लेने की आवश्यकता है, जिन्होंने कठिन परिश्रम करके भी प्रदेश को अपना एक स्थान दिलाया। इन्होंने आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसी कारण झारखंड की धरती को भगवान बिरसा मुंडा की धरती के नाम से भी जाना जाता है। मौके पर बरही विधानसभा के आजसू प्रभारी राज सिंह चौहान, अनुसूचित जाति के जिला अध्यक्ष संतोष रजवार, बरही प्रखंड अध्यक्ष विरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष नागेंद्र कुमार, जिम्बू जवार नंदलाल जवार, विजय जवार, बालेश्वर चंद्रवंशी, अनिल कुमार, बालेश्वर सिंह, बसंत सिंह आदि उप.स्थित रहे।

## बरही पुर्वी मंडल के करियातपुर बूथ में मनाई गई भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

**अपेम लाइव : बरही**




बिरसा मुंडा की जयंती मनाते लोग

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व द्वारा तय कार्यक्रम 15 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस सह भगवान बिरसा मुंडा जंयती बरही पुर्वी मंडल के करियातपुर पंचायत के करियातपुर के बूथ संख्या 364, 365, 366 में भगवान बिरसा मुंडा जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप जलाकर मनायी गई एवं मास्क एवं मिठाई का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मंडल पुर्वी बरही महामंत्री कमल शंकर पंडित उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा अध्यक्ष रितेश कुमार केशरी, ने किया। इस अवसर पर कमल शंकर पंडित ने कहा सुदुरवर्ती गांव के अन्तिम व्यक्ति तक केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण योजना वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन एवं दिव्यांग पेंशन, प्रधानमंत्री कृषि आशीर्वाद योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, राशनकार्ड, किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड तथा प्रधानमंत्री सड़क योजना का लाभ मिले। मौके पर भारतीय जनता पार्टी मंडल पुर्वी उपाध्यक्ष नन्दलाल प्रसाद, आनुसुचित महामंत्री महेंद्र रविदास, कपिल स्वर्णकार , वरिष्ठ कार्यकर्ता अर्जुन पंडित, संयोजक चंदन केशरी, युवा नेता अभिषेक कुमार केशरी, अंकित केशरी, अमित भगत उपस्थित हुए।

## झारखंड की जनता के साथ हेमंत सरकार ने किया है छल : बिरजू पासवन

**अपेम लाइव : बरही**



बिरजु पाश्वान

फिर एक बार हेमंत सरकार ने झारखंड की जनता को छलने का काम किया विदित हो कि झारखंड में पंचायत चुनाव 2020 में ही होना था जो की 2021 के अंत तक भी इस सरकार की मंशा नहीं है कि चुनाव करा ले। जब जनता के अधिकार की देने की बात आती है। तो यह सरकार कोई ना कोई बहाना जरूर बना लेती है। पिछले कुछ दिनों बाद से सरकार का बहाना रहा कि झारखंड में चुनाव आयुक्त की नियुक्ति नहीं हुई है। फिर कोरोना महामारी बहाना बना अब एक कार्यक्रम करने जा रही है जिसका स्लोगन है। आपकी सरकार आपका अधिकार आपके द्वार,, एक तरफ सरकार जनता को अधिकार देने की बात करती है। वहीं दूसरी तरफ पंचायत चुनाव स समय नहीं करवा कर उनके अधिकारों से वंचित कर रही है झारखंड में पंचायत चुनाव नहीं करवा पाना सरकार के अनेक वि.फलताओं में एक विफलता यह भी है पंचायती राज व्यवस्था का सपना इसलिए देखा गया था कि भारत गांवों का देश है और जब तक गांव का विकास नहीं होगा तब तक देश का विकास होना संभव नहीं है। और गांव का विकास तभी हो पाएगा जब गांव में गांव की सरकार बनेगी और पंचायती राज व्यवस्था लागू करने में झारखंड के हेमंत सरकार की रूचि बहुत दूर-दूर तक भी नहीं दिखाई देता है। कोरोना महामारी में देश के अनेक प्रदेशों में विधानसभा के भी चुनाव हुए और पंचायत का भी चुनाव हुआ लेकिन यह हेमंत सरकार किसी प्रकार से भी पंचायत चुनाव कराने के पक्ष में नहीं है ना तो झारखंड की चिंता इस सरकार को है। और ना ही विपक्ष को किसी बात से लेना देना है विपक्ष भी मूकदर्शक बन कर के देख रही है। इस सरकार के करनी और कथनी में बहुत अंतर है। कहती कुछ और करती कुछ है यह सुनने को मिल रहा है कि अब झारखंड में 2022 के फरवरी-मार्च अप्रैल तक पंचायत चुनाव होंगे ज्ञात हो कि अप्रैल मार्च महीना कोरोना का सृजन होता है उस समय पूरे देश में प्रदेश में संपूर्ण लॉक डाउन हो जाता है और यह सरकार उस समय भी बहाना बना लेगी कि कोरा.ना में चुनाव संभव नहीं है इस बात से यह जाहिर होता है कि हेमंत सरकार अपने कार्यकाल में पंचायत चुनाव नहीं करा पायेगी।

## युवा कांग्रेस अध्यक्ष बरही विधानसभा मनोहर यादव को कांग्रेस कार्यालय बरही में किया गया स्वागत

**अपेम लाइव : बरही**




स्वागत करते कांग्रेसी कार्यकर्ता

प्रखंड कांग्रेस कार्यालय बरही में युवा कांग्रेस अध्यक्ष बरही विधानसभा मनोहर यादव को विधायक प्रतिनिधि बरही विधानसभा सह कांग्रेस जिला महासचिव विनोद कुमार यादव के नेतृत्व में पुष्प गुच्छ देकर भव्य स्वागत किया गया। ज्ञात हो कि झारखंड स्थापना दिवस के पूर्व संध्या पर युवा कांग्रेस नेता मनोहर यादव को नमन युथ लीडरशिप का अवार्ड से रांची के प्रेस क्लब में उनके बेहतर कार्य एवं राजनीतिक सक्रियता को देखते हुए दिया गया। युवा नेता के इस उपलब्धि पर क०न्ग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। युवा नेता को स्वागत करने वालों में कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष ड०क्टर निजामुद्दीन अंसारी, कांग्रेस जिला महासचिव अब्दुल मन्नान वारसी, विधायक प्रतिनिधि खाद आपूर्ति विभाग वासुदेव यादव, उपप्रमुख सिकंदरा राना, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष सुनील साहू, कांग्रेस सदस्यता प्रभारी प्रमोद सिंह, कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह, विधायक प्रतिनिधि ऊर्जा विभाग सुनील चंद्रवंशी, प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित जयसवाल, छोटी ठाकुर, मनोज रविदास, मोहम्मद कलीम, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद तैयब अंसारी, बंसी यादव, राजू राणा, गोपाल यादव इसके साथ ही अन्य कई कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल रहे।




डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

दिनांक: 15-11-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

पेज सं0: 03

## डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में भगवान बिरसा की जयंती और एन डी ग्रोवर साहब की जयंती धूमधाम से मनाई गई

### भगवान बिरसा की कर्मठता और ग्रोवर साहब की दूरदर्शिता सदैव समाज को मार्ग दिखलाएंगः प्राचार्य ए के सिंह

**अपेम लाइव : बरही**

सोमवार को डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्रांगण में कोरोना के मापदंडों का ध्यान रखते हुए झारखंड का स्थापना दिवस सह बिरसा जयंती और डीएवी के महात्मा नारायण दास ग्रोवर की जयंती पूरे श्रद्धा सुमन के साथ मनाई गई। संस्कृत शिक्षक मि. थलेश कुमार,सुशील सिंह और विजय कुमार के द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ साथ हवन किया गया जिसके साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इनके तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि आज भी उनका योगदान प्रासंगिक है। प्राचार्य महोदय ने बताया कि देश को अंग्रेजो की गुलामी से मुक्त करने में भगवान बिरसा का महत्वपूर्ण योगदान था। उन्होंने अपनी नेतृत्व क्षमता से आदिवासी समाज का एकीकरण किया और उसे अंग्रेजो के खिलाफ एक जन आंदोलन का रूप दे दिया। मुंडा विद्रोह जैसे आंदोलन के द्वारा इन्होंने देश की आजादी की रूपरेखा तैयार की। महात्मा नारायण दास ग्रोवर के बारे में प्राचार्य महोदय ने कहा कि बिहार झारखंड में इन्हीं के योगदान से अनेक डीएवी विद्यालय आज भी चल रहे हैं ।इन्होंने आदिवासी, पिछड़े वर्ग के शिक्षा के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास के लिए भी कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। उन्होंने कहा कि आज हम सब डीएवी कर्मी नारायण दास ग्रोवर के ऋणी है। जो उनके दिखाए रास्ते पर चलकर देश के लिए ,बच्चों की शिक्षा के लिए और समाज के विकास के लिए प्रयासरत हैं। मंच का संचालन करते हुए राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान रहा है महात्मा नारायण दास ग्रोवर जी का। धर्मेंद्र कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि नारायण दास ग्रोवर के योगदान के कारण ही पूरे बिहार, झारखंड साथ ही पूर्वी भारत में डीएवी आंदोलन सक्षम रूप से चल पा रहा है ।सुनील कुमार केसरी के द्वारा बताया गया कि भगवान बिरसा का जन्म उल. ीहातू में हुआ था। उनमें गजब की नेतृत्व क्षमता थी। आदिवासियों का नेतृत्व करते हुए उन्होंने अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिए थे। इस अवसर पर प्रतिक. ानंद ने अपने मधुर संगीत से महापुरुषों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक नरसिंह शर्मा ने भी संबोधित करते हुए कहा कि उनके दिखाए रास्ते पर चलकर ही हम समाज का विकास कर सकते हैं ।अजीत कुमार राणा ने बिरसा मुंडा के योगदान को याद किया ।विजय कुमार ने कहा कि नारायण दास ग्रोवर के द्वारा शिक्षा का अलख जगाया और उनके योगदान से ही आर्य समाज रूपी पौधा विशाल वृक्ष बना ।अनिल कुमार ने स्वरचित कविता प्रस्तुत किया। पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा के साथ छायांकन का जिम्मा लल्लन यादव के द्वारा निभाया गया। इस अवसर पर बच्चों के बीच पूर्व में ही विभिन्न प्रतियो. गिताओं का आयोजन किया गया था। जिसमें निबंध प्रतियोगिता , चित्रकला प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। जिसमें सभी कक्षा के बच्चों ने बहुत बढ़ चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने अपने चित्रकला के माध्यम से झारखंड के अग्रणी भगवान बिरसा और डीएवी आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभा रहे महात्मा नारायण दास ग्रोवर के जीवन को अपने कला के माध्यम से जीवंत करने का प्रयास किया। हिंदी निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आशुतोष आनंद, द्वितीय स्थान अभय आर्यन और तृतीय स्थान पलक सिंह ने प्राप्त किया ।अंग्रेजी निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तान्या राणा, द्वितीय स्थान शौर्य दीप और तृतीय स्थान कुमारी शीतल ने प्राप्त किया ।कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य महोदय ने यह शपथ दिलाई कि हम महात्मा नारायण दास ग्रोवर के दिखाए रास्ते पर चलते हुए देश और समाज के साथ-साथ बच्चों के भविष्य को संभालने हेतु सदैव प्रयत्नशील रहेंगे ।यदि हम ऐसा कर पाते हैं तो यही सच्ची श्रद्धांजलि उनके प्रति होगी ।इस अवसर पर नरसिंह शर्मा, धर्मेंद्र कुमार, रमेश कुमार, रेखा सिंह, मुकेश कुमार,दीपक शरण,राजेश कुमार, राजेश कुमार सिंह, अमित चतुर्वेदी, निर्मल प्रसाद, ममता सिंह, फूलमती कुमारी, अर्चना शर्मा, प्रदीप गोर्राइ,अमित कुमार, रंजीत कुमार, प्रह्लाद कुमार, उमेश कुमार राणा, पूनम ज्योति, गुड़िया मिश्रा, राजीव पांडे, प्रवीण कुमार, ममता कुमारी, संध्या सिंह, मुन्नी कुमारी, उषा कुमारी, रविंद्र पांडे, सतीश कुमार आदि को महत्वपूर्ण उपस्थिति रही।





भगवान बिरसा मुंडा की जयंति मनाते शिक्षकगण

**आज का पंचाङ्ग----**

आज का अंग्रेजी दिनांकः--16.11.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शकेः---1943
याम्यायन याम्यगोलरू
ऋतुः---शरद
माहः---कार्तिक
पक्षः---शुक्ल पक्ष
तिथिः---द्वादशी तिथि दिन 09:15 मिनट तक उपरांत त्रियोदशी तिथि
दिनः---मंगलवार
नक्षत्रः---रेवती नक्षत्र
योगः---सिद्धि
करणः---व
सूर्योदय :---प्रातः 06:37
सूर्यास्त : संध्या 05:23
सूर्य :---तुला राशि में
चंद्रमा :---मीन राशि में
आज का राहूकाल दिनः---03:00 बजे से दिनः---04:30 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोटः---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)
आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खासः---आज प्रदोष त्रयोदशी व्रत होगा।



संदीप शर्मा

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

## बरसोत प्रधान ने विहिप के सदस्यों को किया सम्मानित

**अपेम लाइव : बरही**

एतवारी छठ पूजा के अर्घ्य समर्पण के बाद बरसोत्त छठ घाट पर मुखिया/प्रधान सीता देवी एवं मुखिया प्रतिनिधि के द्वारा ग्राम बरसोत्त विश्व हिंदू परिषद समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों को फूल माला एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किए। सम्मानित किए जाने वाले व्यक्ति मनोज कुमार अध्यक्ष, सुनील कुशवाहा उपाध्यक्ष, राजेश कुशवाहा उपाध्यक्ष, प्रदीप कुमार कुशवाहा, प्रभात चन्द्रवंशी, संजीत, प्रदीप गुप्ता, झमन साव, मनोज वर्मा, प्रभास पाठक, आशुतोष कुशवाहा, नरेश कुशवाहा, प्रमोद केशरी, पप्पू राणा, अमित कुमार, विकास राणा, पंकज कुशवाहा, मनोज कुशवाहा, घनश्याम रा. जवार, गणेश भुइयाँ एवं मुकेश कुशवाहा को सम्मानित किया गया। इन सभी के द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से इस छठ पूजा में राष्ट्रीय राज मार्ग से लेकर छठ घाट तक गेट एवं रोलेक्स से समस्त रास्ते की सजावट की गई थी। एवं छठ तालाब में चलंत नाव बनाकर उसपर सूर्य भगवान की प्रतिमा पूजन एवं छठ व्रतियों को इस पार से उस पार तक भगवान भाष्कर का दर्शन करवाना एक बहुत ही सराहनीय कार्य किए। मौके पर मुखिया/प्रधान सीता देवी के साथ साथ पंसस वन बिहारी कुमार, समाजसेवी विष्णुधारी महतो, दीपक पाठक, शैलेष कुमार, महेंद्र राम, दामोदर महतो, राजेश कुमार, बिनोद महतो, महादेव रजक ,सिकन्दर केशरी, छोटी साव , नरेश कुशवाहा, बासुदेव प्रसाद कुशवाहा, कैलाश राम, विजय कुशवाहा, बिनोद महतो, राजेन्द्र महतो, अरुण साव, अरुण राणा, रामचन्द्र कुशवाहा, विकाश कुमार शर्मा एवं गाँव के अन्य लोग मौजूद थे।




सम्मान समारोह मे शामील लोग

## बरही पश्चमी से जीप प्रत्याशी कुंती देवी के पक्ष में तापेश्वर प्रसाद ने पोड़ैया में चलाया जनसंपर्क अभियान।



**अपेम लाइव : बरही**

रसोईया धमना पंचायत के युवा समाजसेवी तापेश्वर प्रसाद ने बरही पश्चमी से जीप प्रत्याशी कुंती देवी के पक्ष में लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे है। बता दूँ की वह लगातार कई दिनों से अपने क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चला रहे है। वहीं आज उन्होंने पोड़ैया एवं बरही में जन. संपर्क अभियान चलाया वही लोगो से मिलकर उस क्षेत्र की समस्या जानी ।उन्होंने कहा कि बरही पश्चमी क्षेत्र में अब तक जितने भी निर्वाचित प्रतिनिधि चुने गए है आज तक उन्होंने विकास के नाम पर सिर्फ लूट का काम किया है। साथ ही साथ उन्होंने लोगो से अपील किया कि एक बार मुझे अवसर दे ,अगर जनता मुझे चुनकर लाती है, तो मैं अपने क्षेत्र के विकास में कोई कसर नही छोडूंगा। मोके पर कार्तिक भगत, इमरान खान, डब्लू सिंह, दिनेश यादव, गोविंद यादव, गुलाब कुमार एवं सुनील चन्द्रवंशी मौजूद थे।

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार    सहयोगी: सोनू पंडित,    एडिटिंग- धनंजय कुमार    मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## वनभूमि पर अतिक्रमण और जंगल कटाई का वनरक्षी ने लिया जायजा

**अपेम लाइव : बरकठ्ा**



जंगल का जायजा लेते वनरक्षी

पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक ओर जहां सरकार समेत कई संगठन लोगों को जागरूक करने की काम कर रही है। वहीं प्रखंड के कोनहरा कला स्थित जंगल की कटाई और वनभूमि पर अतिक्रमण का काम जोरों पर है।लोगों की शिकायत पर वनरक्षी राजेन्द्र प्रसाद सोमवार को जंगल का मुआयना किया। जिसमें एक बोटा युक्लिपटस का बोटा समेत अन्य लकडियों को जब्त किया। वहीं वनभूमि पर अतिक्रमण कर कुछ लोगों के द्वारा खलिहान बनाने कि बात सामने आई है। वनरक्षी राजेन्द्र प्रसाद के मुताबिक अतिक्रमण करने और जंगल काटने वालों के विरुद्ध वन विभाग के द्वारा कानूनी कारवाई करने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जीवन की रक्षा के लिए पर्यावरण कि सुरक्षा बहुमूल्य है। इसलिए जंगल की रक्षा करने का दायित्व हम सभी को मिलकर करना होगा।

## प्रतिनिधियों ने स्थापना दिवस पर पीएम आवास में कराया गृह प्रवेश

**अपेम लाइव : बरकठ्ा**



स्थापना दिवस के अवसर पर बरकट्ठा के विभिन्न पंचायतों में पीएम आवास और बाबा अंबेडकर आवास में लाभुकों को गृह प्रवेश कराया गया। बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत में चार पीएम आवास और एक बाबा अंबेडकर आवास में मुखिया मुंशी पासवान, पंस सदस्य प्रतिनिधि छोटी रविदास, पंचायत सचिव नागेश्वर महतो की मौजूदगी में लाभुकों ने गृह प्रवेश किया। बेलकपी पंचायत में मुखिया गुड्डी देवी ने आधे दर्जन से अधिक लोंगो को पीएम आवास में गृह प्रवेश किया। वहीं कोनहरा खुर्द पंचायत में मुखिया प्रतिनिधि सतीश सिंह और कपका पंचायत में बीएफटी दिलीप दास के नेतृत्व में लोगों को गृह प्रवेश कराया गया। इसके अलावे कई पंचायतों में मुखिया, पंस सदस्य और पंचायत सचिव के उपस्थिति में लाभुकों ने पीएम आवास में गृह

## बरकट्ठा में चंद्रवंशीयो के द्वारा मनाई गई जरासंध जयंती

**अपेम लाइव : बरकठ्ा**



जरासंध जयंती मनाते लोग

बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के डाकडीह में आज जरासंध मगध नरेश महाराजा के वंशज अखिल भारतीय चंद्रवंशी शाखा डाकडीह के द्वारा आज जरा. संध जयंती के अवसर पर जरासंध के तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए पूजा किया गया। बताते चलें कि सोमवार को ग्राम बरकट्ठा के टोला डाकडीह मे भगवान जरासंध के जन्मदिन पर सभी चंद्रवंशीयो ने जरासंध भगवान के फोटो पर फूल के माला एवं दीपक प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की और चंद्रवंशी समाज में पूजा समिति का गठन किया गया इसमें चंद्रवंशी समाज के पदाधिकारी अध्यक्ष महेश चंद्रवंशी, सचिव मनोज चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष जितेंद्र चंद्रवंशी, अर्जुन चंद्रवंशी ,सुरेश चंद्रवंशी, भुनेश्वर चंद्रवंशी ,प्रसादी चंद्रवंशी, रामजीत चंद्रवंशी, भोला चंद्रवंशी, किशन चंद्रवंशी ,राहुल चंद्रवंशी ,अजीत चंद्रवंशी, रवि चंद्रवंशी ,अविनाश चंद्रवंशी ,गोलू चंद्रवंशी, दीपक कुमार चंद्रवंशी, विशाल चंद्रवंशी, विश्वास चंद्रवंशी, विजय चंद्रवंशी, रिंकू चंद्रवंशी, गोकुल चंद्रवंशी, विजय चंद्रवंशी ,शंकर चंद्रवंशी , प्रकाश चंद्रवंशी ,लालू चंद्रवंशी , सुरेश चंद्रवंशी, पवन चंद्रवंशी , चंदन चंद्रवंशी, लीलावती देवी ,सरिता देवी , बबीता देवी ,सुमन देवी, संजू देवी, रीना देवी, सोभा मोसमत ,प्रेमी देवी, काजल कुमारी ,सुमन कुमारी ,रीता देवी, अनीता देवी , राधा देवी,ललीता देवी,कांति देवी इत्यादि। पूजा अध्यक्ष अनिल चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष पवन चंद्रवंशी, सचिव विक्की चंद्रवंशी,संयोजक अजीत चंद्रवंशी, कुंदन चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष बालेश्वर चंद्रवंशी,उप कोषाध्यक्ष चंदन चंद्रवंशी, संयोजक अविनाश चंद्रवंशी, उप संयोजक मानव राम चंद्रवंशी इत्यादि महिला एवं पुरुषों ने पूजा अर्चना कीया ।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, तीन गंभीर रुप से घायल, रेफर

**अपेम लाइव : बरकठ्ा**



बरकट्ठा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरमा के समीप हुई सड़क दुर्घटना में चार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार नंदू राम पिता बुधराम बुच्चई निवासी का उपचार के दौरान मौत हो गई वहीं खागो रजक पिता जीतन रजक धोढिया निवासी, जुली देवी पति मुंशी साव गंगपाचो को गंभीरावस्था में हज़ारीबाग़ सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। ओर शीला देवी पति संतोष तुर्री पैसरा निवासी का सामुदायिक अस्पताल बरकट्ठा में इलाज चल रहा है।

## बैंक लूट कर भाग रहे तीन अपराधियों को पुलिस ने पकड़ा



**अपेम लाइव : बरकठ्ा**

बरकट्ठारू–सरिया, बगोदर गोरहर, बरकट्ठा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई करते हुवे बरकट्ठा थाना क्षेत्र में तीनो को धर दबोचा गया। पकड़े गए सभी अपराधी को थाना लाया गया। जंहा पुलिस मामले की जांच पडताल कर रही है। इस मामले में पुलिस ने बताया की मामले की अनुसंधान की जा रही हैं। अनुसंधान के बाद प्रेस विज्ञापित जारी की जाएगी।

APEM LIVE



दिनांक: 15-11-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## स्थापना दिवस पर गरीबों के बने आशियाना का प्रधान ने कराया गृहप्रवेश

**अपेम लाइव : चौपारण**



गृह प्रवेश करवाते ग्राम प्रधान

झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं बाबा भीम राव अम्बेडकर आवास योजना के तहत लगभग 150 लाभुकों का गृह प्रवेश विधायक श्री अकेला के अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधि , मुखिया व प्रखण्ड के पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान पडरिया पंचायत में बीडीओ प्रेमचन्द सिन्हा ,मुखिया पप्पू रजक, विधायक प्रतिनिधि अभिमन्यु भगत सहित अन्य लोग गृह प्रवेश की साक्षी बने। वहीं प्रखण्ड करमा पंचायत व चयकला पंचायत में पीएम आवास के तहत बनकर तैयार गरीबो के आशियाना का गृहप्रवेश का कार्यक्रम आयोजित किया गया। पंचायत करमा के प्रधान सह मुखीया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव द्वारा पंचायत अंतर्गत ग्राम करमा एवं केदली खुर्द में वार्ड सदस्य जिरवा देवी ,छोटू गोप एवं अपने सहयोगियों के साथ करमा , केदली खुर्द में अर्जुन तुरी एवं झनकू यादव के पूर्ण प्रधान मंत्री अवास का गृह प्रवेश किया। इस दौरान मुखिया संघ अध्यक्ष श्री यादव ने लाभुकों शुभक. ामना देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की साथ ही कहा कि पंचायत के हर लोगों का पक्का मकान हो इसके लिए लगातार प्रयासरत हूँ। वहीं पंचायत चयकला में मुखिया सह प्रधान मो सफ्फाउद्दिन निजामी द्वारा भी पंचायत अंतर्गत ग्राम कसियाडीह में रामबल्म सिंह के साथ कई अन्य घरों का फीता काटकर गृह प्रवेश करवाया। पंचायत सेवक, वार्ड सदस्य शूकर साव, कासिम उद्दीन, छोटन जी ,इरशाद जी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## प्रखण्ड भाजपा ने बूथ स्तर पर मनाया भगवान बिरसा की जयन्ती व राज्य स्थापना दिवस

**अपेम लाइव : चौपारण**



भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाते लोग

धरती आबा भगवान भग. वान बिरसा मुंडा की 146 वीं जयंती सह झारखण्ड का 21 वां स्थापना दिवस प्रखण्ड भाजपा मंडल ने बूथ स्तर पर राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया। इस दौरान भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर देश प्रति उनके कुर्बानी को याद किया। इस दौरान बिरसा मुंडा अमर रहे, झारखंण्ड के निर्माता अट्ल बिहारी भाजपाई अमर रहे के नारे लगाए गए। इस कार्यक्रम के चौपारण मंडल प्रभारी सह वन एवं पर्यावरण, विभाग के अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि सीताराम साहू ने अपने संबोधन में कहा कि बिरसा मुंडा जी ने स्वतंत्रता आंदोलन में अंग्रेजो के खिलाफ उलगुलान कर जनजातियों में एक नई चेतना जगाई थी। इस कार्यक्रम में जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेश सहाय, जिला अ, जा, मोर्चा उपाध्यक्ष रामस्वरूप पासवान , मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, सुरेश कुमार साव सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव, राजेंद्र चंद्रवंशी ,सुनील कुमार सिंह, भाजयुमो कार्यसमिति सदस्य मनोज सिंह,मंडल महामंत्री अरविंद सिंह, बालेश्वर साव ,आशीष सिंह, कृष्णा साव,मीडिया प्रभारी मुनेश्वर गुप्ता, रामसेवक राणा, मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव , गजाधर प्रसाद, संजय सिन्हा ,अरविंद साव ,प्रवीण सिंह, रंजीत पाण्डेय ,नरेंद्र पाण्डेय, गिरजा साव ,भरत सिंह ,भरत शर्मा, आशीष कुमार गुप्ता, रंजन सिंह साव ,सुदीप सिंह, संजय गुप्ता, मुखिया सह प्रधान रेखा देवी, मोहन साव , सुरेंद्र कुमार गुप्ता ,राज कुमार यादव, रेवा शंकर साव, बृजनंदन सिंह, ज्ञानी साव, मो सत्तार ,उत्तम गंझू , राकेश सिंह समेत प्रखंड के बूथों पर रास्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस को मनाया।

## बरही में भाजपाइयों ने बिरसा मुंडा जयंती व राज्य स्थापना दिवस मनाया

**अपेम लाइव : बरही**



जयंती मनाते भाजपायी

बरही भाजपा कार्यालय में सोमवार को बिरसा मुंडा जयंती व राज्य स्थापना दिवस मनाया गया। बूथ संख्या 314 अंतर्गत राष्ट्र भगवान बिरसा मुंडा जयंती व झारखंड प्रदेश के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर रास्ट्रीय स्तर पर केंद्रीय पार्टी द्वारा आयोजित जनजातीय गौरव दिवस सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन बरही पश्चमी मंडल उपाध्यक्ष नवलकिशोर प्रसाद के अध्यक्षता में की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भा. जपा के जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर शामिल हुए। मोके पर भाजपा के युवा नेता रितेश गुप्ता, सुरेंद्र राजवार, पंकज बर्णवाल, दीपक यादव, भीम यादव, कुंजल प्रसाद, पी के ठाकुर, राजकुमार केशरी, अवध कुमार, मेवालाल केशरी, मुकेश कुमार, संतोष केशरी, संजय कुमार यादव, सुबोध केशरी एवं अजय आनंद मुख्य रूप से शामिल थे।



अपेम आर्ट एंड कल्चर एवं राज आर्यन डांस एकेडमी की ओर से....जननायक बिरसा मुंडा की जयंती व झारखंड राज्य के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

**कोनरा पंचायत के योग्य व कर्मठ भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून की ओर से धनतेरस, दीपावली, छठ पूजा, भैयादूज एवं चित्रगुप्त पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं ।**



सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी

सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत,
शुभ दीपावली



रामदेव साव सुभाष पासवान मंटु सिंह



कुनाल कतरियार बिनोद कुमार टुन्नू केशरी

**हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,**

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया झारखंड स्थापना दिवस

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



कार्यक्रम में शामिल लोग

भारतीय जनता पार्टी विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल ने सोमवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं झारखंड स्थापना दिवस को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया। स्थानीय बीपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में आयोजित समारोह की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मण्डल तथा संचालन महामंत्री गुरु प्रसाद साव ने किया । जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित कर किया गया। मौके पर मंडल अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाना जनजातीय समुदाय के लिए गौरव की बात है। भग. वान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। अपने तीर धनुष के बल पर अंग्रेजों के दाँत कई बार खट्टे किए। जयंती समारोह में मीडिया प्रभारी जीवन सोनी, अनुसचित जाति मोर्चा महामन्त्री दीपक रजक, भाजयुमो मंत्री नीतीश कुमार बर्णवाल, भाजयुमो मंत्री कन्हाई यादव, अविनाश कुमार, रवि कुमार कसेरा, हेमलाल साव, टेकलाल राम, सुरेश कुमार दास, देवशरण यादव, संतोष पासवान, सुरेंद्र कुमार मेहता, मालती देवी, दिलीप कुमार पाण्डेय, संजय कुमार महतो, मम्पी सिंह, काजल कुमारी, मीना कुमारी आदि मौजूद थे ।

## बिरनी में कई जगह भगवान बिरसा मुंडा चित्र पर किया माल्यर्पण

**अपेम न्यूज बिरनी (गिरिडीह)**
**सब्बा अहमद**



कार्यक्रम में शामिल लोग

झारखंड के स्थापना दिवस पर भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यर्पण किया जिसमें बिरनी प्रखंड अंतर्गत डॉ० ऐपीजे अब्दुल कलाम स्कूल खाखीपिपर के सभी शिक्षकों एवम स्कूली बच्चे ने भी उप. स्थित रहे। जिसमें स्कूल के शिक्षक ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यर्पण किया वही बच्चों के बीच झारखण्ड के बारे में वार्ता किये। वही बिरनी प्रखंड अंतर्गत के अर्सेट पब्लिक स्कूल में भी बाल दिवस के मौके पर बच्चों द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम आने वाली बच्चे को पुरुस्कार दिया जाएगा। वही कई खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार बता दे कि झारखंड सरकार द्वारा हर साल 15 नवंबर को झारखंड स्थापना दिवस मनाया जाता है। संसद द्वारा बिहार पुनर्गठन अधिनियम 2000 पारित करने के बाद झारखंड बिहार से अलग हो गया और साल 2000 में बिहार से झारखंड हर साल 15 नवंबर को झारखंड स्थापना दिवस मनाता है। झारखंड स्थापना दिवस को आदिवासी नेता बिरसा मुंडा की जयंती के रूप में भी जाना जाता है। झारखंड में बिरसा मुंडा को लोग भगवान बिरसा के नाम से जानते हैं। झारखंड को जंगल या बुशलैंड की भूमि के रूप में भी जाना जाता है। यह पूर्वोत्तर भारत में स्थित है। वर्तमान में, झारखंड राज्य की सीमा उत्तर में बिहार, उत्तर-पश्चिम में उत्तर प्रदेश, पश्चिम में छत्तीसगढ़, दक्षिण में ओडिशा और पूर्व में पश्चिम बंगाल से लगती है।

**झारखंड का इतिहास**

झारखंड 2000 में बिहार से अलग हुआ। पहले, यह बिहार के दक्षिणी हिस्से का एक हिस्सा था। यह उन आदिवासियों की मातृभूमि है जिन्होंने लंबे समय से अलग राज्य का सपना देखा था। स्वतंत्रता के बाद, झारखंड राज्य के लोगों को बहुत कम सामाजिक आर्थिक लाभ मिला, विशेषकर आदिवासी लोगों को। किंवदंती के अनुसार, 13वीं शताब्दी में, ओडिशा के राजा जय सिंह देव ने खुद को झारखंड का शासक घोषित किया था। झारखंड राज्य में छोटानागपुर पठार और संथाल परगना के जंगल शामिल हैं और इसकी विभिन्न सांस्कृतिक परंपराएं हैं। स्वतंत्रता के बाद, झारखंड मुक्ति मोर्चा के नियमित आंदोलन के कारण सरकार को 1995 में झारखंड क्षेत्र स्वायत्त परिषद और अंत में एक स्वतंत्र राज्य की स्थापना के लिए प्रेरित किया।

**झारखंड का भूगोल और जलवायु**

झारखंड में छोटा नागपुर का पठार कोयल, दामोदर, ब्राह्मणी, खरकई और सुवर्णरेखा सहित विभिन्न नदियों का स्रोत है। इसके अलावा, उनके ऊपरी वाटरशेड झारखंड के भीतर स्थित हैं। अधिकांश राज्य भी जंगल से आच्छादित है और बाघों और एशियाई हाथियों की आबादी का समर्थन करता है। झारखंड राज्य की मिट्टी चट्टानों और पत्थरों से बनी है और इसकी रचनाएँ लाल मिट्टी, रे. तीली मिट्टी, काली मिट्टी और लेटराइट मिट्टी में विभाजित हैं।

## उलगुलान दिवस के रूप में आजसू ने मनाया झारखंड स्थापना दिवस

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



धरती आबा बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि देते आजसू कार्यकर्ता

आजसू पार्टी विष्णुगढ़ प्रखण्ड कमिटी के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं झारखंड स्थापना दिवस को उलगुलान दिवस के रूप में मनाया गया। अध्यक्षता करते हुए प्रखण्ड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल ने कहा कि आजसू पार्टी युवाओं की पार्टी है और बिरसा मुंडा के उलगुलान एवं उनके सपने नए आकर लें। इसके लिए युवा पीढ़ी को आगे आना होगा। इसी सोच के साथ उलगुलान दिवस के दिन धरती आबा को श्रद्धांजलि अर्पित करने के पश्चात आजसू पार्टी के सभी नेता कार्यकर्ता एवं समर्थक भग. वान बिरसा के स्वराज्य के सपने की परिकल्पना को साकार करने झारखंड और झारखंडियत के संरक्षण तथा झारखंड के हितों और यहां के जनमानस की आन बान शान और स्वाभिमान की रक्षा का संकल्प लें। संचालन करते हुए प्रखंड के कार्यकारी अध्यक्ष रूपेंद्र महतो ने कहा कि इस राज्य में झारखंड सरकार की मौजूदा हालात किसी से छिपी हुई नही है। झारखंड में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट है। प्रदेश में अपराध का ग्राफ निरंतर बढ़ता जा रहा है। प्रतिदिन महिलाओं से दुष्कर्म की घटनाओं की खबर आ रही है। झारखंड की मौजूदा सरकार जिन मुद्दों और वादों को लेकर सत्ता में आई थी, उन वादों को पूरा कर पाने में पूरी तरह से असफल रही है। राज्य सरकार ट्रांसफर, पोस्टिंग और खनिज संपदाओं की तस्करी में लगी हुई है। राज्य में समय पर पंचायत चुनाव नहीं होना राज्य सरकार की विफलता है। मौके पर उपस्थित लोग जिला सचिव महादेव देहाती, प्रखंड कोषाध्यक्ष दीपू अकेला, पूर्वी जिला परिषद उम्मीदवार सरयू पटेल, लीलो महतो, फलजीत महतो, गौतम वर्मा, अनंत लाल महतो, प्रकाश कुमार, दिनेश साव, अशोक कुमार, सुधीर कुमार, बाबू खान , दामोदर महतो, बिनोद बिहारी महतो, बिक्रम मंडल, अभी कुमार, दिवाकर महतो, भागीरथ महतो, सलीम खान, मुकेश महतो, उमेश मेहता, बिनोद कुमार, सतीश कुमार, लालधन महतो, बिनोद महतो, महिला मोर्चा प्रखंड सचिव सुमन देवी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## अफीम की कारोबार में शामिल व्यक्तियों की अब खैर नहीं है : चतरा पुलिस

### ड्रान से जिला की हर भूभाग की निगरानी की कवायद शुरू

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**



सफेद ज़हर अफीम की खेती व तस्करी से चतरा को मुक्त करने के लिए पुलिस ने ड्रान को लेकर सदर थाना क्षेत्र के दर्जनों सुदूरवर्ती गांवों जंगलों का दौरा किया इस दौरान आम ग्रामीणों को पोस्टर के माध्यम से तबाही की इस कारोबार से बचने की अपील की गई है। प्रशिक्षु डीएसपी धनन्जय राम तथा सदर थाना इंचार्ज इंस्पेक्टर लव कुमार की नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा ग्रामीणों को यह बावर कराने का प्रयास किया गया कि अवैध इस कारोबार में शामिल व्यक्तियों की अब खैर नहीं है। चतरा पुलिस जिला पर लगा कलंक मिटाने के लिए हर मुमकिन संघर्ष कर रही है सफेद ज़हर अफीम की खेती व तस्करी से क्षेत्र और देश की युवा पीढ़ी को बर्बादी से बचाने के लिए पोस्टर जारी किया है। पोस्टर के माध्यम से होने वाले क्षति के प्रति जिला वासियों को अवगत कराया जा रहा है। परिवार के एक सदस्य को भी नशे की लत लगने से पूरा परिवारिक जीवन तबाह हो जाता है।

## भाजपा ने झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर बिरसा मुंडा को याद किया , जनजातिय गौरव दिवस मनाया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




कार्यक्रम में शामिल लोग

भारतीय जनता पार्टी के द्वारा बड़कागांव में झारखंड प्रदेश की स्थापना दिवस एवं भग. वान बिरसा मुंडा की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। भाजपा बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल में अध्यक्ष खेमलाल महतो संचालन दिनेश करमाली एवं बड़कागांव मंडल में अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता एवं संचालन इंद्र भूषण के द्वारा किया गया। बारी बारी से उपस्थित कार्यकर्ताओं द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर पुष्प अर्पित की गई। एवं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशानुसार जनजातिय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया । वहीं पार्टी की मजबूती को लेकर संगठनात्मक चर्चा की गई। कार्यक्रम में पंचायत संयोजक सह संयोजक सहित, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, अवध किशोर यादव , स्वरूप नारायण, प्रदीप कुमार दांगी, राजू कुमार रंजन, कालीचरण गुप्ता, चंद्रदेव ठाकुर , राज. कुमार राणा, महिला मोर्चा अध्यक्ष रूबी देवी, परलाद गुप्ता राम ठाकुर, दिलेश्वर राणा,शामिल थे उपाध्यक्ष अशोक साव, किशोर राणा, भाजयुमो अध्यक्ष विजय यादव, मंत्री कृष्ण गुप्ता, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष भुपाल स्वर्णकार, किसान मोर्चा अध्यक्ष त्रिवेणी महतो, सं. चदानंद पाण्डेय, सुरेश महतो, ललिता देवी, हेमराज यादव, लालदेव महतो, दशरथ चौधरी, छोटन सिंह, कार्तिक मांझी, तुलसी पासवान, फुल. चंद बेदिया, धनलाल बेदिया, तालेश्वर प्रसाद, बिसुनदेव राणा, धनु महतो समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सिरमा में दिव्यांगो के द्वारा जागरूकता एवं समस्याओं को लेकर बैठक की गई

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



कार्यक्रम में शामिल लोग

बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत सिरमा में दिव्यांग समिति के द्वारा पंचायत भवन में दिव्यांग जनों के लिए दिव्यांग जन जगरुकता सह समस्याओं से सं. बंधित बैठक रखा गया। जिसकी अध्यक्षता सिरमा पंचायत अध्यक्ष मो. आलम व संचालन विनोद राणा ने किया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय विकलांग पार्टी हजारीबाग के जिला अध्यक्ष सचिन सोनी थें । इस मौके पर सचिन सोनी ने कहा दिव्यांग भाई बहनों के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहुँगा जो भी समस्याएं हैं उसे निदान करने का भरपूर प्रयास किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से मो. आलम, मो सकिब, मेहताब आलम, तोकीब, पनवा देवी, सरीता देवी ईत्यादि दर्जनों दिव्यांग भाई बहन उपस्थित थे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## प्रधानमंत्री शौचालय एवं स्वच्छता अभियान से प्रेरित होकर शौचालय सफाई वाहन का शुभारंभ

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




शौचालय सफाई वाहन

बड़कागांव चट्टी में प्रोपरा. इटर देवेंद्र प्रसाद के द्वारा शौचालय सफाई वाहन का शुभारंभ किया गया। बता दें कि बड़कागांव में शौचालय सफाई वाहन का ना होने से ग्रामीणों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। शौचालय सफाई वाहन हजारीबाग से मंगाया जाता था। प्रोपराइटर देवेंद्र प्रसाद ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा संचा. लित शौचालय एवं स्वच्छता योजना से काफी प्रभावित हूं। इसी योजना से प्रभावित होकर मन में ठान कर मैं शौचालय सफाई वाहन का शुभारंभ किया हूं। आगे उन्होंने कहा ग्रामीण हमे इस 6206828428 या 7258044714 नंबर पर कॉल कर सकते हैं।

## चंद्रवंशी समाज ने जरासंध जयंती मनाने का लिया निर्णय

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**

बाल विकास विद्यालय प्रांगण में अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की बैठक हुई। अध्यक्षता जवाहरलाल ने की एवं संचालन श्री नवल किशोर वर्मा ने किया बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी शुक्रवार को चक्रवर्ती सम्राट महाराज जरासंध जी की 5224 वीं जयंती विष्णुगढ़ में धूमधाम से मनाई जाएगी। इस जयंती को मनाने हेतु कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष जवाहरलाल, उपाध्यक्ष नवल किशोर वर्मा, सचिव अशोक राम रवानी, सचिव गौतम कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष उदित कुमार, मीडिया प्रभारी डॉ० त्रिभुवन चंद्रवंशी मनोनीत किये गए। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य में कामेश्वर राम, राजकुमार राम (राजू), अभय कुमार, रंजीत कुमार, परमेश्वर राम (नावाडीह), सुनील कुमार वर्मा का चयन किया गया। मौके पर आनंद राम, मुंद्रिका राम, राजेंद्र प्रसाद सिंह, वासुदेव कुमार, बंटी कुमार, अनिल रवानी, धीरज कुमार, नरेश राम, संजय वर्मा, विनोद कुमार, दीपक कुमार, राणा रंजीत चंदेल समेत कई लोग मौजूद थे।

## करणपुरा महाविद्यालय में बिरसा मुंडा की जयंती व झारखंड स्थापना दिवस ऑनलाइन के माध्यम से मनाई

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




ऑनलाइन कार्यक्रम में शामिल लोग

कर्णपुरा महाविद्यालय , बड़कागांव में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं झारखंड राज्य की 21 वीं स्थापना दिवस मनाया गया । यह कार्यक्रम ऑनलाइन माध्यम के द्वारा किया गया, जिसके मुख्य अतिथि प्रभारी प्राचार्य कीर्ति नाथ महतो थे। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि 1895 ई. में कुछ ऐसे अलौकिक घटनाएं घटी जिसके कारण लोग बिरसा को भगवान का अवतार मानने लगे थे। बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों की गुलामी एवं जमींदारों की गुलामी के विरुद्ध आंदोलन किया। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जल, जंगल और जमीन के रक्षक थे , साथ ही साथ लोगों को संगठित व जागरूक करने का कार्य किए। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर सुरेश महतो के द्वारा इस कार्यक्रम का संचालन किया गया, इन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया - बिरसा मुंडा 1899 से 1900 ई. में उलगुलान विद्रोह किया, सन 1859-1881 ई. के बीच सरदारी आंदोलन अर्थात भूमि के लिए लड़ाई जिसे मुल्की लड़ाई भी कहते हैं जो 40 वर्षों तक चला।। जून 1900 ई. को डिप्टी कमिश्नर ने घोषणा किया कि बिरसा मुंडा को हैजा हो गया है तथा जीवित रहने की कोई उम्मीद नहीं है। 9 जून 1900 ईस्वी को बिरसा मुंडा ने रांची जेल में अंतिम सांस लिये। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर निरंजन प्रसाद नीरज, प्रोफेसर पवन कुमार , प्रोफेसर ललिता कुमारी स्वयंसेवकों में- राज कुमार, अभिषेक कुमार, दीपक कुमार, सचिन, अंगिरा, गंगा ,ईसा, मनीका, सीमा, रुखसाना परवीन एवं सबरीन इकबाल आदि की उप. स्थिति ऑनलाइन माध्यम से हुई थी।

## झारखण्ड स्थापना दिवस पर दर्जनों पी एम आवास योजना में कराया गया गृह प्रवेश

### श्रम कार्ड निबंधन का कराया गया आगाज दर्जनों बिरहोरों का भी बना श्रम कार्ड

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**



झारखण्ड के 21वां वर्ष गाठ पर कान्हाचट्टी प्रखण्ड में बी डी ओ हुलास महतो के नेतृत्व में दर्जनों प्रधान मंत्री आवास योजना के लाभुकों के द्वारा गृह प्रवेश कराया गया।गृह प्रवेश में बी डी ओ के अलावा सम्बंधित पंचायत में मुखिया भी उपस्थित रहे।बी डी ओ श्री महतो ने कहा की उपायुक्त के निर्देश पर प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों में आवास योजना में गृह प्रवेश कराया गया।कहीं कैम्प लगाकर श्रम कार्ड के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया गया।बिरहोर कालोनी में बिरहोर परिवारों का भी रजिस्ट्रेशन कराया गया। सैकड़ों मजदूरों का रजिस्ट्रेशन किया गया।जिसमें सी एस सी के जिला कोडिनेटर एवं प्रज्ञा केंद्र संचालक उपस्थित रहे। इधर प्रखण्ड के विभिन्न गांव में कोविड का वैक्सिनेशन करवाया गया।अब भी वैक्सिनेशन को लेकर केंद्रों पर भीड़ उमड़ रहे हैं।

## झारखंड स्थापना दिवस पर सरगम इंटरनेशनल स्कूल में प्रतियोगिताओं का आयोजन

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चो को पुरस्कृत किया गया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



कार्यक्रम में शामिल लोग

हजारीबाग रोड स्थित एनटीपीसी कार्यालय के समीप संचालित सरगम इंटरनेशनल स्कूल में प्रधानाध्यापक ओंकार मिश्रा की अध्यक्षता एवं राजेश कुमार सोनी की संचालन में बाल दिवस , बिरसा मुंडा जयंती तथा 21वां झारखंड स्थापना दिवस पर बच्चों के बीच झारखंड के क्रांतिकारियों से संबंधित भाषण, वाद विवाद, दीया डेकोरेशन और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियो. गिता में उपस्थित बच्चों को राष्ट्र विद्यालय प्रबंधन के तरफ से मोमेंटो तथा मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजदेव दांगी और उपाध्यक्ष सरोज कुमार सोनी ने भगवान बिरसा मुंडा को माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया। मौके पर उपस्थित बच्चों को राष्ट्र प्रेम की गाथा सुना कर राष्ट्रभक्ति के मार्ग पर चलने की बात कही। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के निदेशक राजेश कुमार सोनी, प्रधानाध्यापक ओंकार कुमार मिश्र, सचिव शंकर कुमार, उप सचिव शंकर कुमार दास और कोषाध्यक्ष विनोद कुमार के अलावा शिक्षकों में मुख्य रूप से मुसर्रत, सुमन कुमारी, रूबी, निशा, अंशु, विवान, रोहित नंदिनी, साजिद ने मुख्य योगदान दिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों में मुख्य रूप से राजन कुमार, रुद्रा कुमार, जिगर कुमार, प्रांजल कुमार, प्रिया, अंजली कुमारी, तनु कुमारी, अनुष्का रंजन, रिया कुमारी तथा नित्य गुप्ता के अलावा दर्जनों बच्चें हैं।

## चेडरा पैक्स चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ प्रखंड के चेडरा प्रा. थमिक कृषि साख सहयोग समिति लिमिटेड के कार्यकारिणी समिति के गठन के लिए निर्वाचन प्रक्रिया की तैयारी शुरू हो गई है। निर्वाचन से पूर्व सभी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई है। मंगलवार से समिति गठन के लिए नामांकन की शुरुआत की जाएगी। नामांकन की समा. प्ति के बाद 26 नवंबर को प्रत्याशियों के बीच निर्वाची पदाधिकारियों की उपस्थिति में मतदान संपन्न कराया जाएगा। यह जानकारी निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष शमशुल हक ने दी।

## सिंदवारी में आपके अधिकार -आपकी सरकार -आपके द्वार कार्यक्रम का आज होगा आयोजन विधायक होंगी शामिल

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



अंबा प्रसाद

झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर आज मंगलवार को सिंदवारी पंचायत में शिविर के माध्यम से आम जनों को पेंशन, राशन कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, कंबल, धोती साड़ी वितरण,स्वास्थ्य जांच शिविर में वैक्सीन इत्यादि योजनाओं के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। उक्त कार्यक्रम में बड़कागांव विधायक शामिल होंगी एवं लोगों को सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं को विस्तार पूर्वक जानकारी देगी। पंचायत में आपके अधिकार - आपकी सरकार - आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ आज दिन मंगलवार को किया जाएगा। प्रखंड में उक्त कार्यक्रम 16 नवंबर से लेकर 29 नवंबर तक चलेगी कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक अंबा प्रसाद, अपर समाहर्ता राकेश रोशन ,बीडियो जिर्तेंद्र कुमार पांडे के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

## आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया गया

**अपेम लाइव : चुरचू**
**अरविन्द टुडू**



उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल लोग

चुरचू प्रखण्ड के चरही सीसीएल कोयलांचल क्षेत्र समीप डाड़ी प्रखंड के रबोध पंचायत के मंडल आंग. नबाडी केंद्र का उद्घाटन रबोध पंचायत मुखिया नितु देवी, विपियों शंकर प्रसाद, जेई सुशील केशरी द्वारा संयुक्त रूप से सेनेगडा आंगनबाडी केंद्र का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप भा. जपा मंडल महामंत्री गुलचंद महतो, सर्वेश कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि उमेश करमाली, बिहारी महतो, लालदेव मांझी, रमेश महतो, बाजीराम महतो, पंकज, संजय कुमार, हरिहर प्रसाद, पंचायत सेवक हरिहर प्रसाद, आंगनबाडी केंद्र के सेविका, साहिका व अन्य लोग मौजूद थे।

## प्रधान मोहम्मद वाजिद अली के द्वारा लाभुकों को किया गया गृह प्रवेश

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर पूरे राज्य में गृह प्रवेश कार्यक्रम किया जा रहा है। इसी क्रम में बड़कागांव के सिरमा पंचायत के अंतर्गत वर्ष 2020-2021 प्रधानमंत्री आवास मिले योग्य लाभुकों को गृह प्रवेश पंचायत प्रधान मोहम्मद वाजिद अली के द्वारा किया गया। मौके पर गंगाधर साव, मुंशी महतो, मोहम्मद इनामुल